**JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI**

# झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या – 54/2026**

विज्ञप्ति संख्या– 39/2026 के क्रम में झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 के ऐसे पंजीकृत अभ्यर्थी, जिनका पंजीकरण के समय दर्ज मोबाइल नं0 एवं ई–मेल आईडी वर्तमान में उपलब्ध नहीं है अथवा निष्क्रिय/अप्रचलित हो चुका है, को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने हेतु **अभ्यर्थी सत्यापन प्रक्रिया (Candidate Validation Process)** के माध्यम से अभ्यर्थित्व विवरण का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया **दिनांक 01.08.2026 से 08.08.2026 तक** संचालित की जाएगी। विवरण के सत्यापन के उपरान्त ही संबंधित अभ्यर्थी को झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने का अवसर प्रदान किया जाएगा। परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता एवं अभिलेखों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने हेतु यह सत्यापन प्रक्रिया अनिवार्य है।

**अभ्यर्थी सत्यापन प्रक्रिया (Candidate Validation Process)** :–

- पोर्टल पर अभ्यर्थी अपने नए मोबाइल नं0 एवं ई–मेल आईडी का सत्यापन OTP के माध्यम से करेंगे।
- इसके उपरान्त अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक विवरणी पोर्टल पर दर्ज करेंगे।
- उपलब्ध कराई गई जानकारी का मिलान संबंधित अभ्यर्थी द्वारा ही भरे गये शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 के डाटा से किया जाएगा।
- केवल वही अभ्यर्थी शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने हेतु पात्र माने जायेंगे, जिनके द्वारा दी गई जानकारी शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 के डाटा से 100% मेल खाती हो।
- डाटा के मिलान एवं सत्यापन के उपरान्त वैध/सत्यापित अभ्यर्थी ही शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 हेतु परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिनांक 20.08.2026 से 31.08.2026 तक ऑनलाइन भर सकेंगे। यह एकमात्र और अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी अभ्यावेदन या अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इस प्रक्रिया में संबंधित अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी/विवरण में पूर्व में भरे गये डाटा से किसी प्रकार की असंगति/विसंगति पाई जाती है तो वे शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने हेतु पात्र नहीं माने जायेंगे। गलत अथवा असत्यापित जानकारी देने पर आवेदन प्रपत्र अस्वीकार कर दिया जाएगा।
- यह अवसर केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए है, जिनके पास पूर्व में दिए गए मोबाइल नं0 एवं ई–मेल आईडी अभी उपलब्ध नहीं है। अन्य किसी भी अभ्यर्थी को यह सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

**नोट**:– झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए भरे गए आवेदन प्रपत्र में जिन अभ्यर्थियों को अपने नाम/पिता का नाम/माता का नाम/जन्म तिथि/पता/विषय/आदि संशोधन (जिससे शुल्क प्रभावित नहीं होगा) किया जाना है, के लिए पोर्टल दिनांक 20.08.2026 से प्रारम्भ होगा। संबंधित अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 20.08.2026 से 31.08.2026 तक वांछित संशोधन किया जा सकेगा। इस हेतु विस्तृत सूचना बाद में विज्ञप्ति के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

JAC/JTET/2406/24-Secy/624/26
Dated – 31.07.2026

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।